कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/प्राशि/पविप/प्राशिपूप/2017-18/182 दिनांकः 01.02.2019

प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
समस्त

अति आवश्यक

विषयः– प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 की नामावली सम्वन्ध में।

महोदय,

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान के निर्देशानुसार प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 (कक्षा–8) हेतु राज्य के समस्त जिलों के विद्यालयों की नामावली सूची माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय स्तर पर प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा 2019 हेतु आवेदन पत्र भरने के लिए जारी किये गए लॉग इन आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर विद्यालय स्तर पर नामावली का अवलोकन किया जा सकता है।

समस्त डाइट प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने जिले के विद्यालयों की नामावली मे रही त्रुटि यथा शाला का नाम, छात्र/छात्रा नाम, माता/पिता नाम, में सुधार हेतु डाइट स्तर पर सुधार के प्रस्ताव प्राप्त कर डाइट के माध्यम से ही इस कार्यालय को एक्सल शीट में ही जरिये मेल panjiyak8ppp@gmail.com पर दिनांक 07.02.2019 तक अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त नामावली में सुधार हेतु **प्रस्ताव विद्यालय/पीईईओ या अन्य किसी भी स्तर से स्वीकार्य नही होंगे**। इस हेतु जिला स्तर पर सभी विद्यालयों को निर्देश प्रदान करना सुनिश्चित करें।

www.rajteachers.com

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाऐ,
राजस्थान, बीकानेर